वार्ड-88 में करोड़ों के विकास कार्यों की बौछार, नई सीवरेज-पाइपलाइन, पार्क और खेल सुविधाओं पर फोकस

मिला विधायक के बेटे जैसा प्यार, विकास से बदल दी वार्ड की तस्वीर : नीरज आहूजा

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज



वार्ड नंबर-88 के पार्षद नीरज आहूजा (बुट्टा) ने कहा कि उनके वार्ड में करीब 10 हजार मतदाता और लगभग 10 मोहल्ले शामिल हैं। उन्होंने बताया कि वह पिछले सात वर्षों से गांधी नगर के प्रधान रहे हैं और लोगों के प्यार व विश्वास के कारण उन्हें पार्षद बनने का अवसर मिला।



पार्षद नीरज आहूजा ने कहा कि हल्का उत्तरी के विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा के सहयोग से वार्ड में करोड़ों रुपये के विकास कार्य शुरू करवाए गए हैं। उन्होंने कहा कि वह पिछले 25 वर्षों से विधायक बग्गा के साथ जुड़े हुए हैं और उनके मार्गदर्शन में क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं पूरी हुई हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें विधायक का बेटे जैसा प्यार और सहयोग मिला है, जिसकी बदौलत वार्ड में विकास की नई तस्वीर देखने को मिल रही है।

उन्होंने बताया कि वार्ड में सब-तहसील की स्थापना करवाई गई है, जिससे अब लोगों को रजिस्ट्रियों सहित अन्य सरकारी कार्यों के लिए भटकना नहीं पड़ता। इसके अलावा मोहल्ला क्लीनिक भी शुरू किया गया है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं।

पार्षद ने कहा कि पिछले 25 वर्षों से क्षेत्र की पुरानी सीवरेज और पेयजल पाइपलाइन की समस्या पर किसी ने गंभीरता से ध्यान नहीं दिया था। अब पूरे वार्ड में नई सीवरेज और पानी की पाइपलाइन बिछाई जा रही है। जहां-जहां पाइपलाइन डाली जाएगी, वहां नई सड़कों का निर्माण भी करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जैन नगर में पिछले करीब 40 वर्षों से संचालित अवैध मछली मार्केट को हटवा दिया गया है, जिससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली है और यातायात व्यवस्था सुचारू हुई है। इसके साथ ही शिवपुरी में एक पुली का निर्माण करवाया गया है, जिससे न केवल वार्डवासियों बल्कि शहर के अन्य लोगों को भी राहत मिली है। क्षेत्र में सुरक्षा और रोशनी की व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए करीब 200 नई स्ट्रीट लाइटें लगवाई गई हैं। इसके अलावा प्रमुख चौकों पर दो हाईमास्ट लाइटें भी स्थापित की गई हैं।

पार्षद नीरज आहूजा ने बताया कि वार्ड में सात ट्यूबवेल और तीन सबमर्सिबल पंप पहले से कार्यरत हैं। कृष्णा गली में पानी की समस्या को देखते हुए जल्द ही एक और ट्यूबवेल लगाया जाएगा। वहीं बसंत नगर की गली नंबर 4, 5 और 6 में नई सड़कें बनवाई जा चुकी हैं। इसके साथ ही बिजली की तारों की समस्या के समाधान के लिए पायलट प्रोजेक्ट भी चलाया जा रहा है, जिससे लोगों को उलझी और अतिरिक्त बिजली तारों से राहत मिलेगी।

उन्होंने बताया कि विधायक के सहयोग से वार्ड के तीन पार्कों का नवीनीकरण किया जाएगा। इनमें ओपन जिम, वॉकिंग ट्रैक और बच्चों के लिए झूले लगाए जाएंगे, ताकि बुजुर्गों और बच्चों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इसके अलावा बसंत नगर में बैडमिंटन स्पोर्ट्स पार्क और गांधी नगर में क्रिकेट ग्राउंड विकसित करने की योजना भी बनाई गई है। बुड्ढा दरिया के किनारे शिवपुरी से चांद सिनेमा तक रिटेनिंग वॉल का निर्माण कार्य जारी है। वहीं करीब 14 लाख रुपये की लागत से रोड जालियों की सफाई और सुपर सक्शन मशीन के माध्यम से सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है। उन्होंने बताया कि मानसून के दौरान जैन नगर और बसंत नगर सबसे अधिक प्रभावित होते थे। बारिश का पानी निकलने में दो से तीन दिन लग जाते थे, लेकिन अब डिस्पोजल प्लांट बनने से एक से दो घंटे के भीतर पानी की निकासी संभव हो सकेगी। पार्षद ने कहा कि उनके कार्यालय में तीन कर्मचारियों का स्टाफ सुबह से शाम तक लोगों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान करवाता है। सरकार की विभिन्न ऑनलाइन योजनाओं के फॉर्म भरने, पेंशन लगवाने और जनसुविधा शिविर लगाने का कार्य भी किया जाता है।

उन्होंने बताया कि क्षेत्र की समस्याओं के समाधान में उनके सहयोगी डॉ. गगन शर्मा भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वहीं फतेहगढ़ इलाके की गलियों में सीवरेज और पेयजल सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा। अंत में पार्षद नीरज आहूजा ने कहा कि वह हमेशा अपने वार्ड के लोगों के सुख-दुख में उनके साथ खड़े रहे हैं और आगे भी पूरी निष्ठा से जनसेवा करते रहेंगे।

रिश्वत मांगने वाली महिला एसआई को गिरफ्तार किया



शुभम शर्मा | फिल्लौर
समर न्यूज

पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने जालंधर (ग्रामीण) जिले के फिल्लौर थाने की सब इंस्पेक्टर अमनदीप कौर को 20,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी एसआई पर आरोप है कि उसने ड्रग केस में मदद करने और आरोपी का मोबाइल फोन लौटाने के बदले यह रकम मांगी थी। यह कार्रवाई डीएसपी, विजिलेंस ब्यूरो यूनिट जालंधर के नेतृत्व में मोहल्ला चौधरीयां निवासी शादी लाल की पत्नी राज रानी की शिकायत पर की गई। शिकायतकर्ता राज रानी के अनुसार, उसके बेटे को नशीली गोलियों के एक केस में गिरफ्तार किया गया था। एसआई अमनदीप कौर ने एक छोटा ड्रग केस दर्ज करने, जमानत दिलाने और मोबाइल फोन लौटाने के बदले 20,000 रुपये मांगे थे। मजबूरी में शिकायत करने वाले ने पहले 1,000 रुपये दिए और रिश्वत के बारे में हुई बातचीत रिकॉर्ड कर ली।

मिशन क्लीन पंजाब के तहत निगम कमिश्नर ने किया इलाके का दौरा



लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज

मिशन क्लीन पंजाब' अभियान के तहत नगर निगम कमिश्नर ओजस्वी अलंकार ने सोमवार सुबह जवाहर नगर कैंप क्षेत्र का दौरा कर सफाई व्यवस्था और विकास कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता से कोई समझौता न करने और सभी परियोजनाएं तय समय में पूरी करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ओजस्वी अलंकार ने जवाहर नगर कैंप स्थित स्टैटिक कंपेक्टर साइट का निरीक्षण किया और बाजार क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की जांच की। इलाके में चल रहे पेयजल पाइपलाइन बिछाने के कार्य का भी निरीक्षण किया गया।

हमले बर्दाश्त नहीं करेंगे: कृष्ण शर्मा



राजीव टंडन पर हुए हमले को लेकर प्रेसवार्ता करते शिव सेना हिंदुस्तान के पदाधिकारी।

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज

निहंग सिंहों के बाणे में शिवसेना पंजाब के राष्ट्रीय चेयरमैन राजीव टंडन पर माननीय पुलिस कमिश्नर दफ्तर के बाहर जानलेवा हमले की जो कोशिश की गई है शिवसेना हिंदुस्तान उसकी निंदा करती है। हिंदू नेता पर हमला करने को कायरता पूर्ण कार्रवाई बताते हुए शिवसेना हिंदुस्तान के राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी पंजाब कृष्ण शर्मा कार्यकारी पंजाब अध्यक्ष संजीव देव उपाध्यक्ष पंजाब मनी शेरा ने बैठक में कार्रवाई की मांग की।

शिवसेना प्रमुख राजीव टंडन की पायलट गाड़ी पर हमला, शीशा तोड़ा

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज

सोमवार को लुधियाना में उस समय माहौल तनावपूर्ण हो गया, जब शिवसेना पंजाब के चेयरमैन राजीव टंडन की पायलट गाड़ी को निहंग सिंहों के बाणे में कुछ युवकों ने रोक लिया और गाड़ी का शीशा तोड़ दिया। घटना के बाद नाराज शिवसेना नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय के बाहर धरना देकर जमकर नारेबाजी की।

फ्रेंड्स रीजेंसी के पास विभिन्न सिख जत्थेबंदियां सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर चेतन शर्मा के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर रही थीं। इसी दौरान राजीव टंडन अपने कार्यालय की ओर जा रहे थे और पायलट गाड़ी में सवार थे। प्रदर्शन कर रहे कुछ निहंगों ने उन्हें पहचान लिया, जिसके बाद कुछ प्रदर्शनकारी गाड़ी के आगे खड़े हो गए और नारेबाजी शुरू कर दी। स्थिति उस समय और तनावपूर्ण हो गई जब कुछ निहंग गाड़ी की ओर बढ़े और उनमें से एक ने गाड़ी का शीशा तोड़ दिया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तुरंत हस्तक्षेप करते हुए स्थिति को नियंत्रण में लिया। बाद में सीआईए-1 और स्थानीय पुलिस की अतिरिक्त टीमें भी मौके पर पहुंच गईं।





पुलिस ने गाड़ी का शीशा तोड़ने के आरोप में एक व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान दानिश कपूर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, उसके खिलाफ पहले से भी दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। घटना से नाराज शिवसेना नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय के बाहर धरना शुरू कर दिया और हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उनका आरोप था कि राजीव टंडन पर जानलेवा हमला करने की कोशिश की गई है। हालांकि, पुलिस कमिश्नर द्वारा उचित कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद प्रदर्शनकारी शांत हो गए और धरना समाप्त कर दिया। राजीव टंडन ने कहा कि पुलिस ने उन्हें आश्वासन दिया है कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया ।

दो साल पहले भी निहंग बाणे में आरोपियों ने शिवसेना नेता गोरा थापर पर हमला किया था

लुधियाना में हाल ही में शिवसेना नेता राजीव टंडन की पायलट गाड़ी पर हुए हमले के बाद करीब दो साल पुरानी घटना फिर चर्चा में आ गई है। दो वर्ष पहले शिवसेना नेता संदीप थापर उर्फ गोरा थापर पर सिविल अस्पताल के बाहर निहंग वेशधारी युवकों ने तेजधार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया था। घटना उस समय हुई थी, जब गोरा थापर एक धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होकर बाहर निकल रहे थे। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तत्काल लुधियाना के डीएमसी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कई दिनों तक उनका इलाज चला। स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की थी।

डीएमसी एंड एच में योग दिवस पर योग संगम



लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर दयानंद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (डीएमसी एंड एच) में रविवार को "योग संगम" कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों और स्वास्थ्यकर्मियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

पूर्व पार्षद ने भाजपा नेता मल्होत्रा ने पंजाबियों के खिलाफ इस्तेमाल गलत भाषा की निंदा की



बैठक के दौरान उपस्थित पूर्व पार्षद पाल सिंह ग्रेवाल और उनके समर्थक।

जगमीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज

भाजपा चंडीगढ़ यूनिट के प्रेसिडेंट जतिंदर पाल मल्होत्रा ने अपने एक भाषण के दौरान पंजाबियों को "इमोशनल ब्लडी फूल्स" कहा। इस बयान के बाद पंजाब की पॉलिटिक्स में काफी विवाद हो गया। इसके बाद पूर्व सीनियर पार्षद और मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन पाल सिंह ग्रेवाल और एडवोकेट मनवीर सिंह धालीवाल, पूर्व पार्षद सुखविंदर सिंह बल्लू, यूथ लीडर बब्बी मुंडियां की लीडरशिप में एक मीटिंग हुई। बैठक में पाल सिंह ग्रेवाल ने कहा कि बीजेपी नेता मल्होत्रा द्वारा पंजाबियों के खिलाफ इस्तेमाल की गई भाषा निंदनीय है।

स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया



शुभम शर्मा | फिल्लौर
समर न्यूज

डीआरवी डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, फिल्लौर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों और अध्यापकों ने विभिन्न योग गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया और स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली के लाभों का अनुभव किया। विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने पूर्ण समर्पण और लगन के साथ विभिन्न योग आसनों का अभ्यास किया। इन आसनों से लचीलापन, संतुलन, एकाग्रता और समग्र शारीरिक क्षमता में सुधार हुआ। इसके साथ ही उन्होंने ध्यान का अभ्यास किया और लाफ्टर योग में भी भाग लिया, जिससे वातावरण आनंद, सकारात्मकता और प्रसन्न ऊर्जा से भर गया। इस गतिविधि ने एक ताज़गीपूर्ण वातावरण का निर्माण किया और सभी को योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। इससे सभी ने शांति, विश्राम और आंतरिक संतुलन का अनुभव किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. योगेश गंभीर ने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से योग का अभ्यास करने और स्वस्थ, संतुलित एवं तनावमुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया।

डीए जारी करने और पुरानी पेंशन बहाल करने व ठेका प्रथा खत्म करने की मांग



अपनी मांगों संबंधी पावरकॉम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते पावरकॉम कर्मचारी।


दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज

बिजली मुलाजिम संघर्षशील मोर्चा की ओर से अपनी लंबित मांगों को लेकर चीफ ऑफिस के बाहर विशाल धरना दिया गया।

धरने में बड़ी संख्या में बिजली कर्मचारियों ने भाग लिया और पंजाब सरकार तथा बिजली बोर्ड की मैनेजमेंट के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। धरने को संबोधित करते हुए यूनियन नेताओं ने कहा कि सरकार लंबे समय से कर्मचारियों का महंगाई भत्ता (डीए) जारी नहीं कर रही है, जिससे मुलाजिमों में भारी रोष है। उन्होंने मांग की कि बकाया डीए जल्द जारी किया जाए और पुरानी पेंशन योजना को तुरंत लागू किया जाए। 17 जुलाई 2020 के बाद भर्ती हुए कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग की बजाय छठे वेतन आयोग के अनुसार वेतनमान की विसंगति को दूर किया जाए।

पंजाब विधानसभा 2027 के चुनाव होंगे भारतीय जनता पार्टी के नाम : अनिल सरीन

समर न्यूज | लुधियाना



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का लक्ष्य अब पंजाब में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाना है। इसी मिशन को आगे बढ़ाने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन लुधियाना पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं से संवाद किया।

प्रदेश महासचिव अनिल सरीन द्वारा आयोजित भारतीय जनता पार्टी के सब-सर्कल कार्यकर्ता सम्मेलन में नितिन नवीन का कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी और उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए नितिन नवीन ने संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक पार्टी के विस्तार और जनसंपर्क अभियान को तेज करने पर जोर दिया। इस दौरान प्रदेश महासचिव अनिल सरीन ने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प दिलाया। सम्मेलन स्थल पर पूरे समय उत्साह और जोश का माहौल बना रहा। अनिल सरीन का कहना है कि पंजाब में 2027 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी अपनी जीत का झंडा लहराएगी।

भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने कृषि विशेषज्ञ एसएस जौहल से की मुलाकात



भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन को एसएस जौहल ने मुलाकात के दौरान भेंट के पुस्तक।

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने आज लुधियाना में पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व उप-कुलपति और पद्म श्री पुरस्कार विजेता एस. एस. जौहल से उनके निवास स्थान पर मुलाकात की। यह मुलाकात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर चलाए जा रहे 'विशिष्ट व्यक्तियों से संपर्क' कार्यक्रम का हिस्सा थी।

नितिन नबीन के साथ पंजाब भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों और प्रदेश महासचिव अनिल सरीन भी मौजूद थे। इस अवसर पर एस.एस. जौहल ने केवल सिंह ढिल्लों के साथ अपने पुराने संबंधों को याद करते हुए कहा कि वे दोनों अक्सर किसान मुद्दों पर चर्चा करते रहे हैं। बातचीत के दौरान नितिन नबीन ने उन्हें कृषि क्षेत्र को मजबूत करने और किसानों के कल्याण के लिए केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न नीतिगत कदमों और उपायों से अवगत कराया। उन्होंने कृषि और किसानी से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की कि कैसे कृषि को किसानों के लिए अधिक टिकाऊ, लाभकारी और आर्थिक रूप से व्यावहारिक बनाया जा सकता है। उन्होंने इस विषय पर एस.एस. जौहल से विशेषज्ञ विचार और मूल्यवान सुझाव भी मांगे।

इस बातचीत का मुख्य फोकस कृषि क्षेत्र में उभरती चुनौतियों का समाधान करने पर रहा।

शुभारंभ 'द पल्स बार एंड लाउंज', 'टॉय जंक्शन' और 'कार्लटन लंदन' का भव्य उद्घाटन

मुल्लांपुर में टैंप्रा ग्रुप ने लॉन्च किए तीन प्रीमियम ब्रांड

इकबाल हैप्पी | लुधियाना
समर न्यूज

लुधियाना के प्रमुख कारोबारी समूहों में शामिल टैंप्रा ग्रुप ने मुल्लांपुर स्थित द अर्बन स्क्वायर में अपने तीन प्रमुख ब्रांड- टॉय जंक्शन, द पल्स बार एंड लाउंज तथा कार्लटन लंदन का भव्य शुभारंभ किया। शानदार आयोजन, मनोरंजन और उद्योग जगत की प्रमुख हस्तियों की मौजूदगी के बीच आयोजित इस समारोह ने शहर के लाइफस्टाइल और रिटेल सेक्टर में नए युग की शुरुआत का संकेत दिया।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भोगल ग्रुप के प्रबंध निदेशक सरदार अवतार सिंह भोगल तथा कुलार संस के प्रबंध निदेशक सरदार गुरमीत सिंह कुलार उपस्थित रहे। उनकी



गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समारोह में पंजाब भर से आए उद्योगपति, मीडिया प्रतिनिधि, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और अन्य विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया। टैंप्रा ग्रुप की सफलता की नींव इसके प्रबंध निदेशक प्रेम सिंह सोखी की दूरदर्शी सोच और उद्यमशीलता पर आधारित है। वर्ष 1986 में उन्होंने श्री हरकृष्ण साहिब पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डाबा रोड तथा न्यू जनता नगर में शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना कर अपने व्यवसायिक सफर की शुरुआत की। शिक्षा क्षेत्र में सफलता के बाद उन्होंने रियल एस्टेट, रिटेल, हॉस्पिटैलिटी और लाइफस्टाइल जैसे विभिन्न क्षेत्रों में विस्तार करते हुए टैंप्रा ग्रुप की स्थापना की, जो आज पंजाब के प्रमुख व्यापारिक समूहों में अपनी पहचान बना चुका है।

प्रेम सिंह सोखी के नेतृत्व और निदेशक राजबीर सिंह सोखी और ताजबीर सिंह सोखी के मार्गदर्शन में समूह ने मॉडल टाउन स्थित टैंप्रा टावर, आलमगीर स्थित गोल्डस्ट और कई व्यावसायिक एवं आवासीय परियोजनाओं के माध्यम से क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

इस अवसर पर समूह प्रबंधन ने कहा कि उनका उद्देश्य लुधियाना के लोगों को एक ही स्थान पर विश्वस्तरीय लाइफस्टाइल फैशन, मनोरंजन और पारिवारिक अनुभव उपलब्ध करवाना है।

धन-धन बाबा हाथी राम महाराज का सलाना जोड़ मेला हुआ सम्पन्न



शुभम शर्मा | फिल्लौर
समर न्यूज

धन धन बाबा हाथी राम महाराज जी के स्थान पर सालाना जोड़ मेला बड़ी श्रद्धा से मनाया गया। इस मेले के दौरान खास तौर पर हलके के विधायक डॉ. सुखविंदर सुखी, डिप्टी स्पीकर जय किशन रौड़ी, बलबीर सिंह भद्रकाली, हलका इंचार्ज फिल्लौर मैडम हरजोत कौर लोहटिया, हलका इंचार्ज नवांशहर रॉबी कंग, इम्पुरवामोट ट्रस्ट नवांशहर के चेयरमैन सतनाम सिंह और पंजाब सरकार के दूसरे नेता दरबार में मौजूद रहे। मेले के दौरान संता महापुरुषों की महिमा का गुणगान किया गया। इस मौके पर दरबार में मौजूद खास लोगों को ऑर्गनाइजिंग कमेटी की तरफ से सम्मानित किया गया। नेताओं ने कहा कि धन धन बाबा हाथी राम महाराज जी के स्थान की सेवा देश-विदेश से आई संगत करती है।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह। एग्जीक्यूटिव एडिटर : नितिन उपमन्यु । मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। *समाचार चयन के लिए PRP एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्यायाधिकार क्षेत्र लुधियाना होगा। RNI No. CHMUL/25/A1155